सेवामें

1. माननीय श्री लोक सभा अध्यक्ष
   श्री ओम बिरला जी
   भारत सरकार, ससद भवन, नई दिल्ली।

2. माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
   श्री भजनलाल शर्मा
   राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री आवास सिविल लाईन्स, जयपुर।

**विषयः श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा आयोजित समारोह दिनांक 22.08.2026 के सम्बन्ध में आपत्ती।**

**महोदय,**

1. यह कि श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर एक प्रतिष्ठित समाज है तथा श्री माहेश्वरी समाज ने निम्नलिखित सम्पत्ति समाज हितार्थ खरीद की थी सम्पत्ति का विवरण निम्न प्रकार है :-

   **"नारायण विहार, वन्दे भारत मार्ग, मानसरोवर विस्तार, जयपुर।"**

2. यह कि उपरोक्त सम्पत्ति पर भूमि पूजन दिनांक 30.04.2025 को माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम जी बिडला व प्रमुख उधोगपति श्री हरिमोहन जी बांगड द्वारा किया जाना गया था जिसका शिलालेख उपरोक्त सम्पत्ति पर लगा है जिसकी फोटो संलग्न है।

3. यह कि उक्त सम्पत्ति पर पुनः भूमि पूजन दिनांक 22.08.2026 को समाज के तथाकथित पदाधिकारीयों द्वारा अवैध रूप से किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में आपत्तीयॉ/विरोध पत्र निम्न आधारो पर प्रस्तुत है :-

   क. तथाकथित पदाधिकारीयों का निर्वाचन अवैध है जिसके सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायलय में व दीवानी न्यायालय में वाद विचाराधीन होना मेरी जानकारी में है।

   ख. समाज के तथाकथित अध्यक्ष एवं निर्वाचन अधिकारी के विरुद्व अवमानना याचिका भी माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित होना मेरी जानकारी में है।

   ग. चुनाव माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लघंन कर अवैधानिक रूप से करवाये गये है।

घ. पूर्व में उक्त सम्पत्ति पर भूमि पूजन किया जा चुका है जो शिलालेख से स्पष्ट है।

ड. भूमि का भूमि रुपान्तरण भी प्रार्थी की जानकारी में नही हुआ है।

च. पूर्व में हुये भूमि पूजन में समाज कर लगभग 70 लाख रुपये खर्च हुआ तथा पुनः समाज फण्ड का उक्त आयोजन कर दुरुप्रयोग किया जा रहा है।

4. यह कि आप भारत के संविधान के अनुरूप आप सवैधानिक पदो पर आसीन है तथा अवैध रुप से निर्वाचित पदाधिकारी आपको 22.8.2026 को किये जाने वाले कार्यक्रम में बुलाकर अवैध पदो पर पदासिन होकर कानूनी संरक्षण प्राप्त करना चाहते है। आपकी उपस्थिति गैर कानूनी व अवैधानिक रुप से नियुक्त पदाधिकारीयों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से संरक्षण प्रदान करेगी। इसलिये आप द्वारा दी गई सहमति को उपरोक्त आधारो पर विड्रो किया जाना न्यायोचित रहेगा। प्रार्थी एक समाज का कर्मठ एवं कार्यशील सदस्य है तथा उपरोक्त तथ्यों को श्रीमान की जानकारी में लाना अपना नैतिक कर्तव्य समझता है। इसलिये ये आपत्ती पत्र आपको प्रेषित कर रहा है।

अतः आपत्ती प्रस्तुत कर निवेदन है कि आपकी समारोह में गरिमा मय उपस्थिति के लिये दी गई स्वीकृति को विड्रो किये जाने की कृपा करे।

दिनांक अगस्त 17, 2026

प्रार्थी

सुरेश 21124

सुरेश शारदा
AGM (Retired)
IDBI/SIDBI
पुत्र स्व. कन्हैयालाल सारदा
भूतपूर्व अध्यक्ष मा सज
संरक्षक

Contact Details
M: 9004215556
SURESHARDA1958@gmail.com
7, रामेश्वर कालोनी
टोंक रोड, जयपुर 302029